**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**01.12.2021 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 637 का उत्तर**

**महाराष्ट्र में आरओबी/आरयूबी**

**637. श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या महाराष्ट्र में कई रेल उपरि पुलों (आरओबी) और रेल अधोगामी पुलों (आरयूबी) का निर्माण अब भी लंबित है;**
**(ख) यदि हां, तो इन लंबित रेल परियोजनाओं का मार्ग-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;**
**(ग) इन रेल परियोजनाओं में विलंब के मुख्य कारण क्या हैं; और**
**(घ) इन लंबित रेल परियोजनाओं को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है और तत्संबंधी मार्ग-वार ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

महाराष्ट्र में आरओबी/आरयूबी के संबंध में 01.12.2021 को लोक सभा में श्री ओम पवन राजेनिंबालकर के प्रश्न संख्या 637 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): अक्टूबर, 2021 तक, रेल मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र में 158 ऊपरी सड़क पुल (आरओबी) और 249 निचले सड़क पुल (आरयूबी) स्वीकृत किए गए हैं। 158 आरओबी में से, 13 में रेलवे के हिस्से कार्य पूरा कर लिया गया है और अन्य 65 आरओबी में कार्य प्रगति पर है। शेष 80 में कार्य संरेखण को अंतिम रूप देने और आकलन तैयार करने आदि जैसे योजना के चरण में है। इसी प्रकार, 249 आरयूबी में से, 63 में निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष 186 में कार्य संरेखण को अंतिम रूप देने और आकलन तैयार करने आदि जैसे योजना के चरण में है।

खंड-वार ब्यौरे परिशिष्ट के रूप में संलग्न हैं।

आरओबी/आरयूबी का निर्माण समपारों को बंद करने और लागत में साझेदारी के लिए राज्य सरकार से सहमति, जहां भी लागू हो, पहुंच सड़कों के लिए बिना अतिक्रमण वाली भूमि की उपलब्धता, तकनीकी व्यवहार्यता, जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण, राज्य एजेंसी द्वारा पर्याप्त निधि का आबंटन, जन समर्थन आदि पर निर्भर करता है, इसलिए इन आरओबी/आरयूबी को पूरा करने की समय-सीमा निर्धारित करना व्यवहारिक नहीं है।

*****

महाराष्ट्र में आरओबी/आरयूबी के संबंध में 01.12.2021 को लोक सभा में श्री ओम पवन राजेनिंबालकर के प्रशन संख्या 637 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।

महाराष्ट्र में स्वीकृत आरओबी/आरयूबी के खंड-वार ब्यौरेः

| रेलवे | खंड | आरओबी की संख्या | खंड | आरयूबी की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| पश्चिम | चर्चगेट-विरार | 6 | चर्चगेट-विरार | 0 |
| | विरार-सूरत | 11 | विरार-सूरत | 12 |
| | उधना-जलगांव | 4 | उधना-जलगांव | 10 |
| मध्य | अमला-नागपुर | 9 | अमला-नागपुर | 12 |
| | बडनेरा-नागपुर | 9 | अमरावती-नारखेड़ | 1 |
| | बडनेरा-अमरावती | 2 | बडनेरा-वर्धा | 12 |
| | भुसावल-बडनेरा | 4 | भुसावल-बडनेरा | 40 |
| | भुसावल-खंडवा | 3 | भुसावल-खण्डवल | 10 |
| | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-कल्याण | 3 | चालीसगांव-धुले | 12 |
| | दौण्ड-शोलापुर | 4 | दौण्ड-शोलापुर | 13 |
| | दिवा-वसई | 5 | दिवा-पनवेल | 1 |
| | दिवा-पनवेल | 2 | दिवा-रोहा | 2 |
| | इगतपुरी-भुसावल | 19 | इगतपुरी-भुसावल | 23 |
| | जसई-जवाहरलाल नेहरु पोर्ट ट्रस्ट | 2 | कल्याण-इगतपुरी | 8 |
| | कल्याण-इगतपुरी | 1 | कुरुडवाडी-मिराज | 1 |
| | कल्याण-लोनावला | 8 | लोनावल-पुणे | 1 |
| | मिराज-कोल्हापुर | 1 | | |
| | मिराज-हुबली | 1 | नागपुर-वर्धा | 3 |
| | पनवेल-रोहा | 1 | पचोरा-जमनेर | 1 |
| | पुणे-दौण्ड | 7 | पनवेल-जसई | 1 |
| | पुणे-लोणावला | 7 | पुणे-दौण्ड | 7 |
| | पुणे-मिराज | 8 | पुणे-कोल्हापुर | 4 |
| | सेवाग्राम-बल्लारशाह | 2 | पुणे-मिराज | 9 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सोलापुर-वाडी | 2 | सेवाग्राम-बल्लारशाह | 20 |
| | वर्धा-बल्लारशाह | 9 | - | |
| | पनवेल-रोहा | 1 | - | |
| | काजीपेट-बल्लारशाह | 1 | | |
| | मनमाड-मुडखेड | 4 | मनमाड-मुदखेड | 12 |
| | अकोला-पुर्णा | 5 | अकोला-पुर्णा | 2 |
| | मुदखेड-अदिलाबाद-पिम्लीकुट्टी | 1 | परली-परभणी | 3 |
| दक्षिण पूर्व मध्य | दुर्ग-नागपुर | 16 | दुर्ग-नागपुर | 3 |
| कुल | | 158 | | 249 |

*****